# भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘दुस्तलिक’ पिथौरागढ़ में शुरू

## चर्चा में क्यों?

20 फरवरी, 2023 को भारतीय सेना और उज्बेकिस्तान की सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘दुस्तलिक’का चौथा संस्करण उत्तराखंड के विदेशी प्रशिक्षण नोड, पिथौरागढ़ में शुरू हुआ।

## प्रमुख बिंदु

- संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘दुस्तलिक’ में उज्बेकिस्तान और भारतीय सेना के 45-45 सैनिक भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देना है। इस अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी में गढ़वाल राइफल्स रेजमिंट की एक इंफैंट्री बटालियन के सैनिक शामिल हैं।
- विदित है कि इस अभ्यास का पहला संस्करण नवंबर 2019 में उज्बेकिस्तान में आयोजित किया गया था।
- 14 दिनों तक चलने वाला यह संयुक्त अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के मेंडेट के अंतरगत पर्वतीय और अर्ध-शहरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी संयुक्त अभियानों पर ध्यान केंद्रित करता है और इसमें फील्ड ट्रेनिंग अभ्यास, युद्ध चर्चाएँ, व्याख्यान, प्रदर्शन शामिल होंगे तथा एक सत्यापन अभ्यास के साथ इसका समापन होगा।
- दोनों पक्ष संभावित खतरों को बेअसर करने के लिये संयुक्त रूप से सामरिक अभ्यासों की एक श्रृंखला में ट्रेनिंग, प्लानिंग और निष्पादन करेंगे। इसके अलावा संयुक्त ऑपरेशन करने के लिये नई पीढ़ी के उपकरणों और प्रौद्योगिकी का उपयोग करना भी सीखेंगे।
- इस अभ्यास के दौरान जो दोस्ती, सह-भाव और सद्भावना पैदा होगी, वह विभिन्न अभियानों के संचालन की कार्यप्रणाली को समझने में और एक-दूसरे के संगठन की समझ को सक्षम करके, दोनों सेनाओं के बीच संबंधों को और मज़बूत करने के मामले में एक लंबा रास्ता तय करेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indo-uzbekistan-joint-military-exercise-dustlik-begins-in-pithoragarh